# पाठ–10
# क्रिया विशेषण

**उचित विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**

1. 'वह कम बोलती है' में क्रिया-विशेषण है–
   (i) बोलती है (ii) कम (iii) वह कम
2. 'ईश्वर चारों ओर है' में क्रिया-विशेषण का भेद है–
   (i) स्थानवाचक (ii) परिमाणवाचक (iii) कालवाचक
3. जो शब्द घटना घटित होने के ढंग का ज्ञान कराते हैं, वे क्रिया-विशेषण कहलाते हैं–
   (i) रीतिवाचक (ii) परिमाणवाचक (iii) कालवाचक
4. जो क्रिया की विशेषता बताएँ, उन्हें कहते हैं–
   (i) विशेषण (ii) क्रिया-विशेषण (iii) क्रिया

**रिक्त स्थान भरिए–**

1. हमें ____________ पढ़ना चाहिए
2. बच्चा ____________ रो रहा था।
3. किसका फ़ोन ____________ आ रहा है?
4. वह ____________ गिर पड़ा।
5. मेरा घर ____________ है।

**दिए गए कथनों में सही के लिए ( ✓ ) तथा गलत के लिए ( ✗ ) का चिह्न लगाइए–**

1. जो अव्यय या शब्द क्रिया की विशेषता बताते हैं उन्हें क्रिया-विशेषण कहते हैं।
2. 'वह रातभर पढ़ता है' इस वाक्य में स्थानवाचक क्रिया-विशेषण है।
3. कालवाचक क्रिया-विशेषण तीन प्रकार के होते हैं।
4. 'जहाँ, कहाँ, बाहर, ऊपर' दिशावाचक क्रिया-विशेषण हैं।

**निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया-विशेषण रेखांकित करके उनके भेद बताइये–**

1. यह काम धीरे-धीरे करो। ____________
2. वह बहुत पैसा कमाना चाहती है। ____________
3. संभवतः वह चला गया होगा। ____________
4. सारा सामान यहाँ-वहाँ बिखरा है। ____________
5. वह कल मुझसे मिलेगा। ____________
6. स्वयं भी थोड़ा प्रयास किया करो। ____________
7. बिजली अचानक चली गई। ____________
8. सड़क पर इधर-उधर मत भागो। ____________
9. हिरण तेज़ी से दौड़ने लगा। ____________
10. रमा बाद में आएगी। ____________

**✿ उचित क्रिया-विशेषण छाँटकर लिखिए–**

1. सोनम के पिताजी ____________ पार्क में व्यायाम करते हैं। *(प्रतिदिन / तेज)*
2. विमल और नमन ____________ जा रहे हैं। *(अधिक / बाहर)*
3. चूहा बिल में/के ____________ छिप गया। *(अंदर / ऊपर)*
4. मोना ____________ बैठी है। *(उदास / धीरे-धीरे)*
5. घोड़ा ____________ दौड़ता है। *(बाहर / तेज़)*

LIVEWORKSHEETS